हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 12 मई 2025

तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 24 .0 डिग्री

11 हांसी ब्रांच नहर की दोनों साइड की पटरियां होंगी पक्की

11 प्रतिभागियों को व्यवहारिक जानकारियां प्रदान की

खबर संक्षेप

बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल

जींद। नरवाना के हुडा ग्राउंड के निकट तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से दूसरे बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार फरार दूसरे बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कुरड़ निवासी रामनिवास ने शिकायत में बताया कि उसकी बेटी साहिल गांव के ही मोहित के साथ बाइक पर सवार होकर नरवाना गया था।

जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

जींद। स्थानीय डीआरडीए हॉल में सोमवार को जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्षता शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा करेंगे। बैठक में 18 शिकायतें समाधान के लिए रखी जाएंगी। जिसमें एक बार फिर से नरवाना रोड पर होटल की आड़ में वेश्यावृति का मामला मंत्री के समक्ष उठेगा और जवाब-तलबी होगी।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

जींद। नरवाना के हरियल चौक पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवक घायल हो गए। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सच्चाखेड़ा निवासी अभिषेक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त सुमित के साथ स्कूटी पर सवार होकर नरवाना जा रहा था।

अवैध असले, 2 कारतूस सहित आरोपित दबोचा

कैथल। अवैध असला-अमुनेशन रखने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसपी आस्था मोदी के निर्देशानसुार चलाई जा रही मुहिम तहत एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा थाना कलायत क्षेत्र से एक आरोपी को काबू किया गया है। जिसके कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा व दो कारतूस बरामद हुए।

अज्ञात ने हमला कर मिस्त्री को किया घायल

जींद। मिनी बाइपास अंडरपास के निकट अज्ञात बाइक सवार युवकों ने हमला कर मिस्त्री को घायल कर दिया। शहर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर अज्ञात आधा दर्जन बाइक सवार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव कोथखुर्द निवासी संदीप ने शिकायत में बताया कि वह मिस्त्री का काम करता है। अंडरपास से निकलते ही बाइकों पर सवार होकर आए आधा दर्जन युवकों ने उस पर हमला कर दिया।

11.15 ग्राम हैरोइन के साथ बाइक सवार काबू

जींद। सीआईए स्टाफ ने नरवाना में बडनपुर टी प्वायंट पर एक बाइक सवार व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 11.15 ग्राम हैरोइन बरामद की है। आरोपित हैरोइन स्पलाई के लिए ग्राहक का इतंजार कर रहा था। शहर थाना नरवाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि चमेला कलोनी के निकट बडनपुर टी प्वायंट पर बाइक सवार युवक नशीले पदार्थ के साथ खड़ा हुआ है।

नकदी तथा जेवर के साथ महिला लापता

जींद। धर्मसिंह कालोनी से महिला के नगदी व जेवर के साथ गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। धर्मसिंह कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत नौ मई को उसकी 32 वर्षीय पत्नी चार बच्चों को छोड़ लापता हो गई।

ड्रोन उड़ाने व आतिशबाजी करने पर लगाया प्रतिबंध

कैथल। जिलाधीश प्रीति ने वर्तमान स्थिति तथा आमजन की सुरक्षा के पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जिला में मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) जैसे ड्रोन और कम उड़ान वाली वस्तुओं आदि के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं।

छुट्टी के दिन भी अधिकारी पहुंचे अस्पताल, किया सुविधाओं पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा आप्रेशन सिंदूर के तहत एयर स्ट्राइक के बाद भारत-पाक में तनाव चरम पर है। पाक द्वारा कभी सीज फायर का उल्लंघन किया जा रहा है तो कभी देशभर में अलग-अलग जगहों पर ड्रोन के माध्यम से बम गिराए जा रहे हैं। ऐसे में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग रविवार को भी अलर्ट पर रहा। हालांकि रविवार को छुट्टी होती है और केवल इमरजेंसी सेवाएं बहाल रहती हैं। बावजूद इसके रविवार को अधिकारी अस्पताल पहुंचे और स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेते रहे। बाकायदा सुबह के समय दो घंटे तक सभी आला अधिकारियों ने मंथन किया।

सीज फायर के बावजूद जिला स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, आपात स्थिति से निपटने के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया

सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद

आईसीयू वार्ड का जायजा लिया गया। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने पहले ही सभी कर्मचारियों की छुट्टियों को रद कर दिया है और चिकित्सकों को अलर्ट पर रहने व जिला न छोड़ने के आदेश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग लगातार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दे रहा है ताकि किसी भी अपात स्थिति से निपटा जा सके।

सुबह के समय करीब दो घंटे तक किया मंथन

आम दिनों की तरह ही स्वास्थ्य अधिकारी रविवार को नागरिक अस्पताल पहुंचे। यहां डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों ने स्वास्थ्य सुविधाओं पर मंथन किया। इसके अलावा क्लेरिकल स्टाफ ने आंकडों को कंप्यूटरराइज्ड किया। स्वास्थ्य अधिकारियों के दिशा-निर्देशों पर क्लर्क संसाधनों की सूचियां तैयार करने में लगे रहे। बाकायदा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) पदाधिकारियों के साथ भी बातचीत की।

जींद। नागरिक अस्पताल का आईसीयू वार्ड। फोटो :हरिभूमि

आपातकालीन सेवाओं में सुधार किया : जिला नागरिक अस्पताल अलर्ट पर है। आपातकालीन कक्ष में तैयारी पूरी कर ली गई हैं। वार्ड से अलग बैडों की व्यवस्था की गई है। सभी चिकित्सक व स्टाफ कर्मी 24 घंटे ऑनकॉल ड्यूटी पर हैं। आपातकालीन सेवाओं में सुधार किया गया है। साथ ही यहां जरूरी दवाओं और इंजेक्शन की व्यवस्था कर दी गई है।

कोई भी कर्मी बगैर किसी सूचना के स्टेशन नहीं छोड़ेंगे : सीएमओ

नागरिक अस्पताल की सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि जिला अस्पताल समेत सभी सरकारी अस्पतालों में मॉक ड्रिल के दौरान सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद कर दी हैं। हरियाणा स्वास्थ्य महानिदेशक द्वारा पत्र जारी कर सख्त निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी कर्मचारी, अधिकारी मुख्यालय नहीं छोड़ेगा और न ही अवकाश पर प्रस्थान करेगा। किसी भी प्रकार का अवकाश आगामी आदेशों तक स्वीकृत नही किया जाएगा। अगर किसी भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी को अवकाश पर जाना है तो स्वास्थ्य महानिदेशक से अनुमति लेनी होगी। नागरिक अस्पताल में कार्यरत फोर्थ क्लास कर्मचारी, सिक्योरटी गार्ड, वार्ड ब्वाय सहित अन्य कर्मियों को आपातकालीन स्थिति से निपटने की ट्रेनिंग दी जा रही है।

कैथल। प्योदा रोड पर जाम लगाती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

सीवरेज समस्या से परेशान महिलाओं ने किया रोड जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

प्योदा रोड पर सीवरेज समस्या को लेकर महिलाओं ने सड़क जाम कर दिया। उन्होंने सड़क के बीचों-बीच कुर्सियां, स्टूल और बांस आदि रखकर सड़क को दोनों तरफ से जाम कर दिया। वे खुद भी सड़क पर एकत्रित हो गईं। सुमन, रितू, अनीता आदि महिलाओं ने बताया कि उनके रिहायशी इलाके में सीवरेज की समस्या पिछले एक महीने से भी ज्यादा समय से बनी हुई है। सीवर लीक हो रहे हैं। कई जगहों पर सीवर की पाइपें टूटी होने के कारण उनका गंदा पानी पेयजल लाइनों में मिल रहा है, जिससे इलाके के लोग बीमार पड़ रहे हैं। बच्चों को उल्टी-दस्त जैसी बीमारियां हो रही हैं। उन्होंने बताया कि वे इस संबंध में कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों, वार्ड पार्षद और नगर परिषद के प्रतिनिधियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। स्थिति यह हो गई है कि सीवरेज का पानी गलियों में जमा हो गया है। कई कई दिन से पानी जमा होने के कारण लोगों को मकान धंसने का डर सता रहा है। अगर थोड़े दिन और पानी ऐसे ही जमा रहा तो मकान की दीवारों में दरारें आनी शुरू हो जाएंगी। इससे लोगों को आर्थिक नुकसान तो होगा ही, साथ में जान का नुकसान होने की संभावना है। जाम लग रही महिलाओं ने कहा कि अगर जल्द से जल्द उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे सड़क को पूरी तरह से बंद कर देंगे।

जल्द होगा हल

पब्लिक हेल्थ के जूनियर इंजीनियर आकाश ने बताया कि इस संबंध में उनके पास सूचना आई है। कर्मचारियों को मौके पर भेज दिया है। जल्द ही समस्या का समाधान करवाया जाएगा।

अमेरिका में रह रहा दोस्त बता 2.55 लाख का चूना

जींद। अमेरिका में रह रहा दोस्त बन कर व्यक्ति को दो लाख 55 हजार का चूना लगाने पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दालमवाला निवासी सुशील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत चार मई को उसके फोन पर अनजान नंबर से व्हाट्सअप कॉल आई। जिस पर अमेरीका में रह रहे उसके दोस्त सुरेंद्र की डीपी लगी थी। बातचीत के दौरान उसने बताया कि उसका वीजा एक्सपायर हो रहा है। जिसकी समयावधि बढवानी जरूरी है। एजेंट को रुपये देने पड़ेंगे। जिस पर उसने उसके द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड से एक लाख रुपये डाल दिए। जिसके बाद उसने उसने फिर से यूपीआइडी से एक लाख रुपये भेज दिए। जिसके बाद उसने 55 हजार रुपये और भेजे। बावजूद इसके रुपये की डिमांड बढ़ती चली गई।

बूंदाबांदी ने दिलाई आंधी से राहत, मौसम हुआ सुहाना

तेज आंधी से उड़े फ्लैक्स और होर्डिंग पेड़ गिरे तथा खंभे टूटने से बिजली गुल

बिजली गुल रहने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रविवार शाम को मौसम ने करवट ली। तेज धूल भरी आंधी चली। बाद में हुई बूंदाबांदी ने धूल तथा गर्मी से राहत दिलाई। जिससे मौसम सुहाना हो गया। आंधी के कारण होर्डिंग्स, फ्लैक्स, बोर्ड उखड़ कर सड़कों पर जा गिरे। कुछ स्थानों पर बिजली पोल तथा पेड़ भी टूट कर गिर गए। बिजली भी गुल हो गई। हालांकि रविवार को तापमान में इजाफा जरूर हुआ।

शाम को धूल भरी आंधी के बाद बूंदाबांदी से मौसम सुहाना हो गया। रविवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 26 प्रतिशत तथा हवा की गति 12 किलोमीटर प्रति घटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार मौसम के शुष्क तथा परिवर्तनशील रहने की संभावना है। तापमान में इजाफा होगा। दिन में भीष्ण गर्मी, शाम को मौसम हुआ सुहानाः पिछले कुछ दिनों से मौसम सुहाना बना हुआ था। दो दिनों से तापमान में इजाफ हो रहा था। रविवार को दिन का आगाज साफ मौसम के साथ हुआ। दिन चढ़ने के साथ तपिश बढने लगी। दोपहर तक भीष्ण गर्मी हो गई। शाम को मौसम ने करवट ली और आकाश में बादलों के साथ धूल जमा दिखाई दी। जिसके कुछ समय के बाद धूल भरी आंधी चलने लगा। हवा की स्पीड 40 किलोमीटर प्रति घंटा तक जा पहुंची। बाद में हुई बूंदाबांदी ने आंधी से निजात दिलाई। जिसके बाद मौसम सुहाना हो गया।

अधिकतम 39 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया

आंधी के कारण गिरे पड़े।

मौसम परिवर्तनशील

रविवार शाम को तेज धूल भरी आंधी के चलते कई स्थानों पर बिजली पोल तथा पेड़ टूट गए और बोर्ड तथा होर्डिंग उखड़ कर सड़कों पर जा गिरे। बिजली गुल हो गई। काफी स्थानों पर देर शाम तक बिजली बहाल नही हो पाई। बिजली गुल रहने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से चलते मौसम मे बदलाव आया है। मौसम शुष्क तथा परिवर्तनशील बना रहेगा। तापमान में भी इजाफा होगा।

नपा से विकास कार्य प्रारंभ करवाने की मांग

- फकीर पीर कॉलोनी में आज भी कच्ची गलियों की डगर तय कर रहे क्षेत्र के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत। वार्ड एक की कच्ची व बदहाल गलियों का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

वार्ड एक की फकीर पीर कालोनी बुनियादी सुविधाओं के चक्र व्यूह में फंसी है। कालोनी में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीवरेज लाइन तो बिछा दी गई है। लेकिन विभाग हर नल में जल पहुंचाने के दावे के तहत पेयजल पाइप लाइन नहीं बिछा पा रहा। इसके चलते आवासीय क्षेत्र के लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ता है।

खेत-खलिहानों व दूर-दराज से पानी की व्यवस्था करनी पड़ती है। इसके साथ ही पक्की गलियों का निर्माण न होने से आवासीय क्षेत्र के लोग समस्याओं से घिरे हैं। बरसात के दिनों में जल भराव रहता और सामान्य दिनों में ऊबड़-खाबड़ गलियों की डगर तय करनी पड़ती है। ईश्वर कश्यप, अशोक दहिया, हिस्मा राम, हाकम सिंह, शक्ति सिंह, सुलतान ङ्कषसह, जोगेंद्र ङ्कषसह और दूसरे कालोनी वासियों का कहना है कि वार्ड पार्षद के एमएससी छात्रा रेणू धानियां के माध्यम से नगर पालिका व अन्य विभागों को अवगत करवाया गया है। बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों की सुरक्षा और रोजमर्रा की जिंदगी की जरूरतों को देखते हुए यह जरूरी है कि प्रशासन जल्द से जल्द पक्की गलियों का निर्माण करवाए। फकीर पीर कॉलोनी के लोग अब इस उम्मीद में हैं कि उनकी आवाज को सुना जाएगा। इसके तहत मूलभूत सुविधाओं का अधिकार मिलेगा। क्योंकि कच्ची गलियों से चलना मुश्किल है और बुजुर्गों व बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। बरसात के दौरान स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि लोग अपने ही घरों में कैद होकर रह जाते हैं। कीचड़ में फिसलने का डर हर वक्त बना रहता है। कई बार तो परिवारों को घरों से पलायन करते हुए सुरक्षित ठिकानें ढूंढने पड़ते हैं।

राजौंद। अनाज मंडी में उठान के लिए पड़ी बोरियों का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

गेहूं का उठान न होने से दुकानदार व आढ़ती परेशान

राजौंद। राजौंद अनाज मंडी में गेहूं खरीद का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि उठान का कार्य भी 90 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। मार्केट कमेटी सचिव ओमप्रकाश ने बताया है कि राजौंद अनाज मंडी में अब की 6 लाख 67 हजार 671 क्विंटल गेहूं की मंडी में खरीद की गई। जबकि मंडी में 6 लाख 4 हजार क्विंटल गेहूं का उठान कर लिया गया है। मंडी में अब 63671 क्विंटल उठान बाकी है। जो जल्दी ही पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजौंद के अलावा किठाना अनाज मंडी व जाखौली तथा सेरधा में भी कार्य पूरा कर लिया गया है। गेहूं के सीजन में अबकी बार किसानों को कोई परेशानी नहीं आने दी गई गेहूं खरीद का कार्य काफी दिन पहले ही पूरा हो चुका है उठान का कार्य भी 10 प्रतिशत ही रह गया है जिसे जल्दी ही पूरा कर लिया जाएगा।

आग लगाने वाले किसानों पर कृषि विभाग लगाएगा जुर्माना

अवशेष में आग लगाने की 63 लोकेशन मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला में गेहूं के अवशेषों में आग लगाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। कृषि विभाग को सेटेलाइट के माध्यम से अबतक 63 जगह आग लगने की लोकेशन मिल चुकी है। अब कृषि विभाग उन आग लगाने वाले किसानों पर जुर्माना लगाया जाएगा।गेहूं के अवशेष जलाने पर जुर्माने का प्रावधान है। पहली बार अवशेष जलाने पर दो एकड़ तक के लिए 2,500 रुपये, दो से पांच एकड़ के लिए पांच हजार रुपये और पांच एकड़ से अधिक के लिए 15 हजार रुपये का जुर्माना लग सकता है। दूसरी बार दोषी पाए जाने पर जेल की सजा भी हो सकती है। किसान गेहूं के अवशेष जलाने के बजाय उसे खाद बनाने या अन्य तरीकों से उपयोग कर सकते हैं। अवशेष जलाने पर जुर्माने के अलावा सरकार ने किसानों को प्रबंधन के लिए सब्सिडी भी दी जाती है। दिन और रात के समय लगाई जा रही गेहूं के अवशेषों में आग से राहगीरों को ज्यादा परेशानी हो रही है। चारपहिया या दुपहिया वाहन चालक जब सड़कों से गुजरते हैं तो सड़क किनारे लगी आग के कारण ज्यादा परेशानी होती है। कई बार धुआं चालकों का रास्ता बंद कर देता है। ऐसे में वाहन चालकों को धुंए में रास्ता या सामने से वाहन दिखाई नहीं देता। जिससे दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। गेहूं के अवशेष जलाना न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है बल्कि इससे वायु प्रदूषण भी बढ़ता है। साथ ही यह किसानों के लिए भी नुकसानदेह है। क्योंकि इससे उनकी आगामी फसल पर भी असर पड़ता है। गेहूं की कटाई पूरी कर चुके किसान अब अवशेषों को बेखौफ आग के हवाले कर रहे है। अवशेषों की आग में जिला प्रशासन के आदेश भी स्वाह हो रहे है। वहीं पर्यावरण को भी भारी नुकसान हो रहा है। बावजूद इसके प्रशासनिक अधिकारी कोर्ट के आदेशों की पालना करने की अपेक्षा घटनाओं को अनदेखा कर रहे है। किसान अवशेषों को कृषि भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने में प्रयोग करने की बजाए आग के हवाले कर रहे है।

गुर्जाना वसूला जाएगा

कृषि उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल ने बताया कि विभाग को अब तक खेतों में आग लगने की 63 जगह लोकेशन मिली है। इनमें कई जगह बिजली के तारों से चिंगारी निकल कर आग लगने की सूचना है। विभाग इसकी जांच करवा रहा है। यदि किसान जानबुझ कर गेहूं के अवशेषों में आग लगाता मिला तो उससे जुर्माना वसूला जाएगा।

चाय बनाने से इनकार करने पर ढाबा मालिक-कारीगर को पीटा

- कार सवार युवकों ने दिया वारदात को अंजाम, तोड़फोड़ की, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव पिंडारा के निकट गोहाना रोड पर बीती देर रात ढाबा पर चाय बनाने से मना किया तो कार सवार युवकों ने ढाबा मालिक तथा कारिंदे पर हमला कर दिया। हमलावरों ने ढाबे में जम कर तोडफ़ोड़ की। हमलावरों ने लगभग 22 हजार रुपये की नगदी तथा मोबाइल फोन भी छीन लिया। वारदात को अंजाम देकर हमलावर फरार हो गए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने ढाबा मालिक शिकायत पर अज्ञात आठ-नौ कार सवारों के खिलाफ मारपीट करने, तोडफ़ोड़ करने, छीना झपटी करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी कपिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव पिंडारा के निकट ढाबा खोला हुआ है। बीती देर वह अपने कारीगर राजेश गुगन के साथ खाना बना रहा था। उसी दौरान कार सवार छह युवक ढाबे पर आए और चाय मांगने लगे। उन्होंने चाय न होने की बता कही तो युवक भड़क उठे और गाली गलौज पर उतर आए।

संबंध कोई भी हो लेकिन यदि दुख में साथ न दे अपना
तो सुख में उन संबंधों का, रह जाता कोई अर्थ नहीं ।
मन कटुवाणी से आहत हो, भीतर तक छलनी हो जाए
फिर बाद कहे प्रिय वचनों का, रह जाता कोई अर्थ नहीं ।
- रामधारी सिंह 'दिनकर'

समीर के वकील ने पेपर्स देखे, उसमें गहना ने कोई मांग नहीं की थी सिवाय डिवोर्स के। समीर को उसने आंखों के इशारे से कहा कि साइन कर दो और समीर ने साइन कर दिए। गहना कॉरिडोर के अपोजिट साइड निकल गयी और जीत का आनंद उसके चेहरे पर था। उन हज़ारों उठने वाली उंगलियों को नजरअंदाज कर वह बड़ी बेतकल्लुफी से चल रही थी, अपनी जिंदगी की तरफ, जिसमें वह एक विजेता थी।

मुझे मां नहीं बनना

कहानी

प्रतिभा सुमन शर्मा

तुम फिर वापस आ गयीं? पर क्यों? क्या परेशानी थी? जुमा- जुमा चार ही साल हुए हैं शादी को और चार सालों में तुम पांच बार वापस आ गयी हो, पता है तुम्हें ? मैं इकलौती औरत क्या-क्या संभालूं ? तुम्हारे बाप को तो होश नहीं रहता कि उनकी एक अदद बेटी भी है। हमेशा अपनी धुन में रहता है वह आदमी। भाई बस नाम का है, अपना घर बीवी-बच्चे इनसे कोई फुरसत मिले तो पूछेगा न तुमको, कैसी हो बहना, ससुराल में सब ठीक तो चल रहा है न ?

क्या हुआ गहना, बोलो बेटा? माँ .....!
गहना- प्लीज़ रुकोगी? मैं कुछ बोलूं। हां, बताओ।
मां, मुझे मां नहीं बनना।
क्यों? चार साल हो गए हैं शादी को और फिर भी तुम्हे मां क्यों नहीं बनना?
मुझे नहीं पसंद मम्मा, प्लीज़।
क्या नहीं पसंद?
माँ बनना नहीं पसंद, मुझे मम्मा। मैंने अपनी शादी के पहले ही समीर से यह बात कर ली थी। वह इस बात पर राजी था। पर अब उसके घर वाले उसे बहुत फ़ोर्स कर रहे हैं कि चार साल हो गए बच्चा क्यों नहीं कर रहे हो। इन्फेक्ट मेरी मदर इन लॉ तो मुझे और समीर को जबरदस्ती डॉक्टर के पास भी ले गयी। उनकी जिद इतनी ज्यादा थी कि हमें जाना पड़ा डॉक्टर के पास।
क्या कहा डॉक्टर ने ?
डॉक्टर ने क्या कहना था, उसने रेगुलर चेकअप किया और बताया कि दोनों नार्मल है, कुछ प्रोटेक्शन यूज़ कर रहे हैं इसलिए कंसीव नहीं हो रहा है बस। मेरी सास समीर की तरफ ये बड़ी-बड़ी आंखें फाड़ कर देखने लगी जैसे कि डॉक्टर न होती तो वह शायद एकाद थप्पड़ तो जड़ ही देती।

समीर बिल्कुल कुछ भी नहीं बोला, न वहां, न रास्ते में और न घर आकर। उसने किसी भी तरह से बात की सच्चाई नहीं बताई। अब मम्मा बताओ, यह चीटिंग हुई कि नहीं ?
गहना, तुम मुझे एक बात बताओ कि तुमको मां ही नहीं बनना, यह बात तुमने मुझे तो नहीं बतायी?
मम्मा, छोड़ो! तुमको यह बात बताकर क्या करती मैं? तुमको तो मेरी शादी कर के अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होना था? क्या तुम कभी समझ सकती थीं मेरी इस बात को ?
पर तुमको परेशानी क्या है बेटा? शादी के बाद तो मां बनना, तुमसे तुम्हारे मैके वालों से लेकर ससुराल वालों का बच्चा होने की उम्मीद रखना, मुझे तो कुछ गलत नहीं लगता इसमें ? सभी को करना ही पड़ता है यह? बच्चा न होने वाली औरत और उस पूरे परिवार को ही समाज बड़ी बुरी नजर से देखता है बेटा समझो !
मम्मा, कौन सा समाज? वही, उनके हमारे रिश्तेदार आजू बाजू अड़ोस- पड़ोस वाले।
सभी लोग जिस बिरादरी में उठना-बैठना होता है वही तो होता है समाज।
मम्मा, प्लीज़ मुझे ऐसे किसी भी समाज की वजह से मां नहीं बनना है। इन्फेक्ट मुझे मां बनना ही नहीं है। ऐसी औरत को लोग बांझ कहते हैं।
कहने दो मुझे बांझ। मुझे मां नहीं बनना बस।
समीर क्या कह रहा है? माँ ने पूछा।
समीर क्या कहेगा, बिल्कुल दल बदलू आदमी है। शादी करने से पहले तो बड़ा महान बन रहा था? अगर तुमको नहीं पसंद बच्चे तो हम नहीं करेंगे। और अब.... अब कह रहा है मम्मी-पापा का इतना प्रेशर है। गहना, मुझे समझ नहीं आ रहा क्या करूँ! यह सरासर चीटिंग है मेरे साथ। यह देखो, यह हम दोनों के बीच का कॉन्ट्रैक्ट।

उसने यह लिखकर दिया है कि उसे भी बच्चा नहीं चाहिए, अब वह मुकर नहीं सकता। माँ- मैं तुम लोगों की जनरेशन की नहीं हूं।
लेकिन गहना, कुछ ज्यादा ही एडवांस नहीं है तुम्हारी जनरेशन? मम्मा, एक लड़का जो शादी करना चाहता है और एक लड़की जो शादी करना चाहती है, दोनों साथ रहना चाहते हैं लेकिन बच्चा नहीं चाहते। इसमें गलत क्या है?
गलत सही कुछ भी मेरी समझ से परे है। अब तुम क्या करना चाहती हो?
कुछ नहीं। उसने कहा। मैं समीर के खिलाफ कोर्ट में केस करना चाहती हूं।
अनुसूया जी बिल्कुल हक्की-बक्की थीं अपनी बेटी का रवैया देखकर। कैसे कोई औरत ऐसी हो सकती है जिसको सच में प्रजनन की चाह ही नहीं है? तुम नौकरी करती हो और तुम खुद कमाती-खाती हो, इसलिए आज तुमको यह लगता होगा बेटा पर हाथ-पैर जवाब देने लगेंगे तब कोई तो सहारा चाहिए होता है न बुढ़ापे में ?
मम्मा, इसका जवाब तो खुद तुम हो, तुम मुझसे क्या जवाब मांगती हो?
कुछ दिन बीत गए। न समीर का फ़ोन आया, न ससुराल से कोई बुलावा आया। गहना रोज नौकरी पर जाती और वापस आती। बाप दारू पीकर तरह-तरह के सवाल करता। कभी-कभी समीर को फ़ोन लगाता पर समीर नहीं उठाता था उनका फ़ोन। फिर गहना को भला-बुरा कहते। एक दिन गहना नौकरी से वापस आयी, तभी पापा दरवाजे में खड़े हो गए और बेटी को कहने लगे 'जाओ अपने घर उल्टे पैर लौट जाओ।' अनुसूया जी बीच में पड़ी और गहना को घर में लिया। पापा भली-बुरी बातें सुनाते रहे।

सुबह जब तैयार होकर गहना निकल रही थी तब माँ ने कहा कि कहीं हॉस्टल में जगह देख लो रहने के लिए, क्योंकि तुम्हारे पापा तुमको यहां जीने नहीं देंगे।
गहना समझ गयी और घर से निकल कर नौकरी की जगह फ़ोन कर दिया कि कुछ इमरजेंसी है इसलिए नहीं आ पाएगी। और अपने लिए एक कमरा तलाशने निकल पड़ी नोएडा जैसी जगह में शाम तक घर तो नहीं मिला कहीं अकेली औरत को। पर हॉस्टल मिल गया। शाम को गयी और सारा सामान उठाकर ले आयी। हॉस्टल में नौकरी करने वाली स्त्रियां विशेषकर रहती थी वहां। गहना ने वकील को अपना केस बताया। काफी सारे लोगों के लिए तो यह मामला ही अजीब था। इसलिए केस लिया ही नहीं। फिर कोई एनजीओ के थ्रू एक वकील मिल गयी दुर्गा। दुर्गा के केस लेने के बाद गहना आश्वस्त हो गयी। अब क्या, सिर्फ आश्वस्त होने से काम नहीं बनने वाला था। वैसे भी गहना ने अपनी सारी बातें दुर्गा को बतायीं और यह भी बताया कि मैरिज से पहले इस बाबत दोनों में कॉन्ट्रेक्ट हुआ था। दुर्गा ने देखा कि कॉन्ट्रेक्ट में यह बात साफ-साफ लिखी गयी थी कि गहना को शादी के बाद घर वालों द्वारा भी जबरदस्ती नहीं कि जा सकती। अगर ऐसा हुआ तो उसकी जिम्मेदारी समीर लेगा। समीर ने न जिम्मेदारी ली और न कुछ।

कोर्ट ने एक वकील देकर मामले में काउंसलिंग करने की कोशिश भी की। पर गहना अपनी बात पर कायम रही। वैसे ही कोर्ट में भी कायम रही, विरोधी पक्ष के वकील ने उसके चरित्र तक को उछाला। भारतीय संस्कृति का हवाला भी दिया। पर गहना टस से मस न हुई। न गहना की वकील ही। क्योंकि उनके पास ठोस पेपर्स थे, समीर के दस्तख्त के साथ।

सीधे बात से ही मुकर गया। अब दुर्गा ने समीर को कोर्ट का नोटिस दिया। समीर ने सपने में भी नही सोचा था कि गहना उसे कोर्ट में खींचेगी। फिर क्या? समीर को भी कोर्ट का सामना करना पड़ा। उसकी तरफ से उसने एक वकील कर लिया था। यह एक अनोखा और अजीब-सा केस कोर्ट में पेश हुआ। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जज ने पूछा- लेकिन हर्ज क्या है आपको मां बनने में?
मुझे हर्ज है इसलिए तो हम बात कर रहे हैं न? समीर के वकील ने गहना से कहा, देखिए मैडम, मामला कोर्ट में टिक नहीं पायेगा इसलिए कह रहे हैं।
गहना- 'तो न टिके मेरी बला से।' नहीं मतलब आपके साइड से कोई केस बन भी गया है तो वह टिकेगा नहीं कोर्ट में। देखते हैं।
मतलब, आप अपने साथ-साथ अपने पति की भी ऐसी-तैसी करवाओगी? मेरा मतलब मैडम केस वापस ले लो, फिर बाद में मत कहना कि मैंने आपको बताया नहीं।
कोर्ट ने एक वकील देकर मामले में काउंसलिंग करने की कोशिश भी की। पर गहना अपनी बात पर कायम रही। वैसे ही कोर्ट में भी कायम रही, विरोधी पक्ष के वकील ने उसके चरित्र तक को उछाला। भारतीय संस्कृति का हवाला भी दिया। पर गहना टस से मस न हुई। न गहना की वकील ही। क्योंकि उनके पास ठोस पेपर्स थे, समीर के दस्तख्त के साथ। आखिर फैसला गहना के पक्ष में हुआ। समीर को कहा गया कि आप अपनी पत्नी को इस तरह से जबरदस्ती अब नहीं कर सकते। जबकि शादी के वक्त ही उसने आपसे कॉन्ट्रेक्ट लिखवाया था। आपने खुशी-खुशी उस पर दस्तखत भी किए हैं। अब किसी के कहने पर या परिवार के कहने पर भी आप उसे बदलवा नहीं सकते। तब तक कि जिसने आपके साथ कॉन्ट्रेक्ट किया है वह खुद कहे कि मुझे कॉन्ट्रेक्ट में बदलाव करना है मैं मां बनना चाहती हूं। समीर और गहना कोर्ट के फैसले के बाद साथ-साथ चल रहे थे कॉरिडोर में। समीर ने गहना को रोका, कहा कि सॉरी मुझसे ही भूल हुई है, मैं अपनी बातों पर कायम नहीं रह पाया। पर अब मैं इस रिलेशनशिप को कंटीन्यू नहीं करना चाहूंगा। तभी गहना ने कहा ठीक है मुझे भी नहीं करना है इस बेईमान रिश्ते को कंटीन्यू। ये पेपर्स हैं, मुझे तुमसे डिवोर्स चाहिए।
समीर के वकील ने पेपर्स देखे, उसमें गहना ने कोई मांग नहीं की थी सिवाय डिवोर्स के। समीर को उसने आंखों के इशारे से कहा कि साइन कर दो और समीर ने साइन कर दिए। गहना कॉरिडोर के अपोजिट साइड निकल गयी और जीत का आनंद उसके चेहरे पर था। उन हज़ारों उठने वाली उंगलियों को नजरअंदाज कर वह बड़ी बेतकल्लुफी से चल रही थी, अपनी जिंदगी की तरफ, जिसमें वह एक विजेता थी।

कविता

डॉ.कमलेश मलिक

संकल्प

जो जैसी भाषा में समझे उसे वैसे ही समझाना होगा
प्रेम-शांति संदेश छोड़ अब रण का बिगुल बजाना होगा

किसी हिमांशी की आंखों से सिंधु जल अब नहीं बहेगा
किसी आरती के सर से अब पिता का साया नहीं उठेगा
यह संकल्प लिए अर्जुन को अब तो शस्त्र उठाना होगा

ऊरी अटैक या पुलवामा दुश्मन ने मुंह की खाई है
कितने सैनिक हमने खोये यह भी कड़वी सच्चाई है
सर से पानी उतर गया अब उनको सबक सिखाना होगा

पहलगाम का सीना छलनी माथे की बिंदिया का क्रंदन
बिलख-बिलख कर कहता है अब राखी के धागों का बंधन
दुश्मन केवल दुश्मन ही है रिश्ता यही निभाना होगा
जो जैसी भाषा में समझे उसे वैसे ही समझाना होगा।

कविता

क्षमा उर्मिला

अकेले ही ढले हैं

जहां सारा हैं अपना हम यही माने चले हैं
परख कर दुख ही तो होगा अनाड़ी ही भले हैं

झुलसने का ना हम को डर लगे खेल अब तो
तपन को बाहों में लेकर अंधेरों में जले हैं

हजारों रातें गहरी चाँद तक तक के ही काटी
उसे मामा ही समझे हम अंधेरे यूं टले हैं

बना कर धर्मों की केंची सियासत पंख काटे
उड़ानें भरते पंछी बस शिकारी को खले हैं

यही होता है सदियों से सुबह के सूरजों का
उगे ओजस्वी किरनों में अकेले ही ढले हैं

निगल जाती है सौ जानें लहर तोड़े किनारे
हुआ ये तब किनारे जब समन्दर को छले हैं।

मुक्तक

कृष्ण गोपाल विद्यार्थी

याद तो दिल खुदा को करता है,
अक्स तेरा ही क्यों उभरता है?
बेखुदी हद से जब गुजरती है,
आदमी इस तरह भी मरता है।

**

आप से प्यार हो गया कैसे ?
यह चमत्कार हो गया कैसे ?
प्यार को मैं गुनाह कहता था,
मैं गुनहगार हो गया कैसे ?

**

जीवन के संघर्षों ने जब भी ललकारा है।
कागज-क़लम ने मुझको दिया सहारा है।
बड़े-बड़े तूफानों से मैं घिरा रहा अक्सर,
इसी नाव ने मुझे हमेशा पार उतारा है।

कविता

दिनेश दिनकर

मेरी आखिरी सांस

तेरे बिन ये सन्नाटा सुन,
मैं तनहाईयों से घिर गई
जब सुनी तेरी आवाज
तो तुझे खोने की अफवाह पिघल गई
हर रोज सपने में तुझे देखती थी
तुझे चूमती थी तुझे पुकारती थी
इक आखिरी ख्वाहिश बची है सीने में
गर भर लूं तुझे बाहों में,
तो इस जहां से छुमंतर हो सकूं
बोलो थामोगे मेरा हाथ
जब तक बची है मेरी आखिरी सांस।

कविता

राज ख्यालिया

वक़्त की कमी है, मगर मिलन की चाहत है बाकी,
दिल में अभी तेरे नाम की लगन है बाकी।

राहों में रुकावट हैं, फासले भी कायम है
फिर भी न जाने क्यों एक आस है बाकी

चाहा तुझे लम्हों में बाँध लूँ साँसों की डोर से,
पर जिंदगी में अब भी कुछ उलझनें है बाकी।

हर मोड़ पर देखा तुझे यादों की सूरत में,
फिर भी न जाने क्यों है आँखें नमी है बाकी...

कविता

राकेश कुमार सपड़ा

कलमा

थे वो सैलानी भ्रमण पे
काश्मीर के चमन में
झेलम ढल सब निहार ली
पहलगाम की फिर राह ली
छूट ना जाए कोई झील या झरना
क्या मालूम था
छद्म वेश में
आ जाएगा पूछने कोई
क्या आता है पढ़ना कलमा ?

बैसरन वादियाँ
महक रही थी जहाँ
बेशुमार खुशियाँ
इन्सानियत वहाँ शर्मसार हुई
गोली दिल के पार हुई
खून से घाटी लाल हुई
मासूम जिंदगियां
दहशत की शिकार हुई।

पूछ कर नाम शिकार जो बनाते हैं
छुपे नहीं है जो ये आतंक मचाते है
बहा के खून बेकसूर निहत्थो का
मानवता को कलंकित कर जाते हैं।

आंखे हमारी सबकी भले ही नम है
अपनों को खोने का भी गम है
होंसला नहीं हुआ फिर भी कम है
मिटाने का आतंक जड़ से लिया प्रण है
देखा ही कहाँ तुमने अभी हमारा दम है।

कविता

अंजु कपूर गांधी

बेरोज़गार हूं मैं

हां बेरोजगार हूं मैं।
था सुमन ठोकरों से,
बन चुका खार हूं मैं।
जिससे है की पढ़ाई
हुई खत्म वो कमाई
खटता है बाप अब तक
खाली बेकार हूं मैं।
मां मांगती दुआएं
अल सुबहा जब भी जागे
हर दर पे टेके माथा
बांधे मन्नतों के धागे
टूटे नित उम्मीद उसकी
देखूं, लाचार हूं मैं।
खाना परोसा जाता
नहीं बैठ खा मैं पाता
करती सवाल आंखें
रहता दरकिनार हूं मैं ।
थामे डिग्रियों की फाइल
थके पांव रुह है घायल
लगता है लिए घूमता
गर्द और गुबार हूं मैं
ज्वालामुखी धधकता
आक्रोश का है भीतर
कब फूट पड़े लावा
जलता अंगार हूँ मैं।
बेरोजगार हूँ.....

महिला साहित्यकार, कवियत्री एवं लेखिका मीना चौधरी का इस आधुनिक युग में साहित्य की स्थिति को लेकर कहना है कि आज साहित्य अत्यंत रोचक, बहुआयामी और चुनौतीपूर्ण है। तकनीकी प्रगति, सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों ने अभिव्यक्ति के नए रास्ते खोले हैं, जिससे साहित्य अब सिर्फ पुस्तकों तक सीमित नहीं रहा। ब्लॉग, ई-बुक्स, पॉडकास्ट और यूट्यूब जैसे डिजिटल माध्यमों ने नए लेखकों को मंच दिया है।

साक्षात्कार

ओ.पी पाल

समाज के हित में हिंदी साहित्य को जीवंत रखना जरूरी : मीना चौधरी

साहित्य संवर्धन में जुटे साहित्यकार अलग-अलग विधाओं में समाज को नई दिशा देने के मकसद से सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर अपनी लेखनी चलाते आ रहे हैं। ऐसे ही लेखकों में महिला साहित्यकार मीना चौधरी भी एक कवि के रूप में अपने रचना संसार को आगे बढ़ा रही हैं। साहित्य और सांस्कृतिक समृद्धि के लिए समर्पित लेखन के साथ वह कई साहित्यिक, सामाजिक, उद्यमी जैसी संस्थाओं के साथ जुड़ी हैं।

लेखिका मीना चौधरी ने अपने साहित्यिक सफर को लेकर कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें उनका मकसद गद्य और पद्य दोनों विधाओं में साहित्यिक व सांस्कृतिक मंचों पर सक्रिय रहकर हिंदी साहित्य को जीवंत और विकासशील बनाए रखना है, ताकि साहित्य और समाज में उनकी सार्थक भूमिका बनी रहे। मीना चौधरी का जन्म 28 मार्च 1971 को जमशेदपुर (झारखंड) में एक मैथिल ब्राह्मण परिवार में हुआ। उनके पिता जमशेदपुर स्थित टेल्को कंपनी में इंजीनियर थे और माता एक समर्पित गृहिणी रहीं। उनका बचपन जमशेदपुर में ही बीता। इन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लिटिल फ्लावर स्कूल (कॉन्वेंट स्कूल) से हासिल की। उनके परिवार या घर में किसी प्रकार का साहित्यिक या सांस्कृतिक माहौल नहीं था। उन्होंने अपनी शिक्षा विज्ञान विषयों में की, लेकिन हिंदी भाषा के प्रति उनका एक विशेष लगाव रहा और इसी हिंदी प्रेम के चलते उनकी साहित्यिक रुचि विकसित हुई। स्कूल और कॉलेज के दिनों में कभी-कभार कुछ भावनात्मक लेखन करती थी और उसी दौरान आकाशवाणी से भी जुड़ने का अवसर मिला। हालांकि छात्र जीवन की व्यस्तता के कारण यह साहित्य की रुचि थोड़ा पीछे रही। गृहस्थी में आने के बाद से ही हरियाणा के गुरुग्राम में उद्यम, साहित्यिक एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय हो गई। साहित्यिक लगाव के कारण उन्होंने लेखन कार्य शुरू कर दिया। वे समाज के विभिन्न पहलुओं पर कविताएं और आलेख लिखती आ रही हैं। उन्होंने बीएससी की शिक्षा के दौरान अपनी पहली रचना लिखी, जो स्थानीय अखबारों में भी प्रकाशित हुई। इससे उनका लेखन के प्रति ऐसे में आत्मविश्वास बढ़ना स्वाभाविक था, जब उनकी रचना रेडियो पर भी प्रसारित हुई। उनका पहला हिन्दी कविता संग्रह 'रस स्रावित' प्रकाशित हुआ, जिसे भाषा सहोदरी हिन्दी के सहयोग से 2019 में प्रकाशित किया गया। जबकि उनका दूसरा काव्य संग्रह 'पैबंद पर सितारे' शीर्षक से पुस्तक के रूप में 2021 में पाठकों के सामने आया। जबकि तीसरा काव्य संग्रह शीघ्र ही प्रकाशित होगा। बकौल मीना चौधरी, वह हिंदी और अंग्रेज़ी भाषा के अलावा मैथिली में भी लेखन करती आ रही हैं। उन्होंने 'भाषा सहोदरी हिंदी' सहित कई संस्थाओं के साथ मिलकर हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए कार्य किया है, जिसके लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली और उन्होंने मॉरीशस, दुबई और सिंगापुर जैसे देशों में हिंदी को मंच को साझा किया। उनका कहना है कि उनके साहित्य क्षेत्र के सफर में उनके पति, बेटियों और दामाद समेत परिजनों का निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन मिला है, जो उनके लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है। साहित्य क्षेत्र के अलावा वे सामाजिक सेवा में भी सक्रीय हैं और स्वच्छता जागरण समिति जैसी संस्थाओं से जुड़ी हैं। वहीं वे कई साहित्यिक संस्थाओं से जुड़ी होने के साथ भाषा सहोदरी की मुख्य संयोजिका हैं और आगमन की राष्ट्रीय महासचिव एवं महिला काव्य मंच, गुरुग्राम की महासचिव भी रही हैं। वे खुद के संस्थान इंडसोल एंटरप्राइजेज की अध्यक्ष भी हैं यानी इंडसोल एंटरप्राइजेज में स्व-नियोजित, उद्यमशीलता की दुनिया में अपनी व्यावसायिक विशेषज्ञता उनके पास है।

एक साहित्यकार के रूप में वह राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन दुबई और मॉरीशस में मुख्य प्रबंधक रही हैं एवं भाषा सहोदरी पत्रिका की सम्पादक भी हैं। उनका कहना है कि युवाओं को साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि साहित्य न केवल भाषा और अभिव्यक्ति को समृद्ध करने के साथ सोचने, समझने और महसूस करने की क्षमता भी बढ़ाता है। ऐसी प्रेरणा युवाओं को अपनी संस्कृति, समाज और मानवीय मूल्यों से जोड़ने में सहायक होगी।

प्रकाशित पुस्तकें

लेखिका एवं कवि मीना चौधरी की प्रकाशित पुस्तकों में रस स्रावित, पैबंद पर सितारे और मेरी स्वरचित काव्य संग्रह प्रमुख रूप से शामिल हैं। उनके हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में साँझा संकलन एवं पत्र-पत्रिकाओं में कविताएं, लघुकथा और लेख भी प्रकाशित हुए हैं। इसके अलावा वे गद्य और पद्य दोनों साहित्यिक विधाओं में आलेख और रचनाएं लिखती आ रही हैं। वह हिंदी और अंग्रेजी भाषा के अलावा मैथिली में भी लेखन करती आ रही हैं।

मीना चौधरी

पुरस्कार व सम्मान

मीना चौधरी को साहित्यिक क्षेत्र में योगदान के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचो से अनेक सम्मान मिल चुके हैं। इनमें विश्व हिंदी सम्मान दुबई, 'सहोदरी रत्न' मॉरिशस, 'शब्द मनीषी सम्मान', विविधता में एकता राष्ट्रीय सम्मान, आगमन तेजस्विनी अवार्ड, रंग राची सम्मान, स्वर लहरी सम्मान, प्रेरणा पीढ़ी पुरस्कार, भाषा सहोदरी सम्मान प्रमुख रुप से शामिल रहे। उन्हें अनेक साहित्यिक मंचों से भी विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

व्यक्तिगत परिचय

नाम : मीना चौधरी
जन्मतिथि : 28 मार्च 1971
जन्म स्थान : जमशेदपुर (झारखंड)
शिक्षा : बीएससी, एमबीए
संप्रति : लेखिका, कवि, संपादक, उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ता (गुरुग्राम क्षेत्र)

'हेल्लो ज़िंदगी' में हैं शिक्षा और समाज के सरोकार

पुस्तक : हेल्लो ज़िंदगी
लेखक : विनय मोहन खारवन
मूल्य : 250 रुपये
प्रकाशक : समदर्शी प्रकाशन

पुस्तक समीक्षा

अरुण कुमार कैहरबा

सेवानिवृत प्राध्यापक व इस पुस्तक के लेखक विनय मोहन खारवन की प्रतिभा निरंतर समाचार-पत्रों व पत्रिकाओं में चमकती रही है। उनके लघुकथा संग्रह 'हैल्लो ज़िंदगी' शीर्षक ही स्पष्ट करता है कि लेखक अपनी रचनाओं में ज़िंदगी के साथ सीधा संवाद कर रहा है।

अपने समृद्ध अनुभवों और समझ के आधार पर जीवन के विविधि पहलुओं, घटनाओं और संबंधों को अपनी लघुकथाओं के जरिये परख रहा है। लेखक रोजमर्रा के जीवन की छोटी से छोटी घटना को लेता है और सीधे-सरल शब्दों में कथा कहते हुए मर्म की बात कह जाता है। लघुकथाएं विसंगतियों व विडंबनाओं की तरफ संकेत भी करती हैं और प्रहार भी करती हैं। लेखक का मत है कि 'रिटायरमेंट जिंदगी को हैलो कहने का समय होता है।' लेखक का संबंध शिक्षा से रहा है। यही कारण है कि समीक्ष्य संग्रह में उनके शैक्षिक सरोकार अनेक लघुकथाओं में दिखाई देते हैं।

'शोषण' व 'आज का एकलव्य' लघुकथाएं इसी विषय पर केंद्रित हैं। 'आज का एकलव्य' लघुकथा में तीस साल से निजी स्कूल में पढ़ा रहे अध्यापक की दयनीय दशा को दिखाया गया है। 'पैसा और पढ़ाई' में पढ़ाई के प्रति अमीर लोगों का दृष्टिकोण उजागर होता है, जिसमें वे पढ़ाई से ज्यादा पैसे को तरजीह देते हैं। संग्रह में सरकारी स्कूलों का चित्रण भी है। 'ज़मीर' लघुकथा में बीस लाख रुपये के अनुदान पर प्रिंसिपल अपने जमीर को दरकिनार करके मन की इच्छाओं को तरजीह देता है। 'प्रैक्टिकल' में कॉलेज के अध्यापक की प्रैक्टिकल परीक्षाओं में लालच की प्रवृत्ति उजागर होती है। 'नकल' लघुकथा में बोर्ड परीक्षाओं के दौरान सुपरवाइजर द्वारा नकल का धंधा करने और उड़नदस्ते के एक सदस्य द्वारा इसकी उपेक्षा करते हुए सुपरवाइजर के साथ दोस्ती निभाने की अपराधपूर्ण स्थिति को दर्शाया गया है। 'सिलसिला' में ऊपर से नीचे तक चलने वाले धमकी व डर के सिलसिले के बाद बिना किसी सार्थक उद्देश्य से बजट खर्च करने के लिए होने वाले सेमिनारों की कड़वी सच्चाई सतह रूप में उजागर कर दी गई है। शिक्षा कैसे अंकों की होड़ में तब्दील हो गई है, इसे 'ज़िंदगी के नंबर' और 'खुशी का प्रतिशत' में दिखाया गया है। लेकिन 'ज़िंदगी के नंबर' में परीक्षा के अंकों को देखने का सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की सीख दी गई है। संग्रह की अनेक लघुकथाएं हृदय स्पर्शी हैं और सवाल खड़े करती हैं। पहले संग्रह के लिए लेखक को हार्दिक बधाई।

खबर संक्षेप

जगजीत सिंह दूसरी बार सर्वसम्मति से प्रधान बने

कैथल। जिला कैथल के बार एसो हॉल में पूर्व सैनिक वेलफेयर एसो हरियाणा कैथल इकाई का त्रिवर्षीय चुनाव हुआ। अध्यक्षता कैप्टन रवि दत्त शर्मा ने की। चुनाव की 6 अप्रैल को घोषणा की थी की चुनाव 11 मई को होगा और नामांकन 9 मई को भरा जाएगा लेकिन 10 मई तक किसी ने नाम नहीं भरा।प्रधान हवलदार जगजीत सिंह का नाम चुनाव कमेटी के सदस्य कैप्टन मुख्तार सिंह जांगड़ा ने रखा।

देवर्षि नारद जयंती पर संगोष्ठी 13 को

जींद। आदि पत्रकार देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कर्तव्य विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। सुरेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस एक दिवसीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर विश्व संवाद केंद्र हरियाणा के सचिव राजेश कुमार व मुख्यातिथि के तौर पर वरिष्ठ पत्रकार अशोक श्रीवास्त शिरक्त करेंगे।

सब यार्ड में हवन व भंडारे का आयोजन

जींद। छात्तर सब यार्ड पर भंडारा लगाया गया। पहले हवन कर भगवान से सुख, समृद्धि की कामना की। छात्तर सब यार्ड प्रधान राजा मोर ने बताया कि आढ़तियों, मजदूरों, किसानों एवं मुनीमों द्वारा एकत्रित होकर भगवान से देश, प्रदेश में सुख, समृद्धि की कामना की। सभी के सहयोग से भंडारे के आयोजन किया गया। बंसल, राजू मोर, टिंकू पूनिया, सतबीर शर्मा, दरवेश, संजय आदि मौजूद रहे।

बिजली यूनियन ने कार्यक्रम किए स्थगित

जींद। एचएसईबी वर्कर्स यूनियन हैड ऑफिस भिवानी की बैठक रविवार को सेक्टर आठ स्थित 33केवी सब स्टेशन पर सर्कल सचिव राजेश की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बबैठक में सर्वसम्मति से देश में चल रहे भारत-पाक युद्ध को देखते हुए पूर्व नियोजित 13 मई को डीसी को ज्ञापन, 14 से 16 मई तक सब यूनिट स्तर पर प्रदर्शन 19 मई को सर्कल स्तर पर प्रदर्शन के निर्णय को रद्द करने का निर्णय लिया गया।

अनुबंधित विद्युत कर्मियों की समस्याओं हो निदान

जींद। अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा की बैठक डिवीजन अध्यक्ष राकेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मंच का संचालन कार्यालय सचिव सागर ने किया। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी से आए हुए प्रदेश सचिव सुभाष शर्मा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि एसओपी बहुत जल्द आपके बीच में होगी।

उपायुक्त ने पराली न जलाने की अपील की

जींद। रबी सीजन के तहत जिले में गेहूं की खरीद एवं उठान प्रक्रिया सुचारू रूप से प्रगति पर है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि मंडियों में खरीदे गए गेहूं का त्वरित उठान सुनिश्चित किया जाए ताकि संभावित वर्षा जैसी प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों से फसल की सुरक्षा हो सके व भंडारण व्यवस्थाओं पर अतिरिक्त दबाव न आए।

पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना कारगर साबित

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपए तक का बीमा होता है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए स्कीम चलाई हुई हैं।

जजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

कैथल। जजपा के नवनियुक्त प्रधान अवतार सिंह सीड़ा की अध्यक्षता में पार्टी की एक बैठक रविवार को आरकेएम फार्म में हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा ने भी मुख्य अतिथि के तौर परभाग लिया और कहा कि जननायक जनता पार्टी ने प्रदेश में लोगों के हित के लिए काम किए है।

पटरियों को पक्का करने पर खर्च होंगे पांच करोड़ रुपये

जींद: हांसी ब्रांच नहर की दोनों साइड की पटरियां होंगी पक्की

शहर की दर्जनभर कालोनियों में आवागमन होगा आसान

जलभराव ज्यादा होने पर पटरी टूटने का डर भी होगा खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। हांसी ब्रांच नहर, जिसकी दोनों पटरियां पक्की होंगी। *फोटो :हरिभूमि*

शहर के मध्य से गुजर रही हांसी ब्रांच नहर की दोनों तरफ की पटरियों को पक्का किया जाएगा। जिस पर लगभग पांच करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। पटरियों के निर्माण के लिए टेंडरों की मंजूरी मिल गई है। शहर के लोगों की यह लगभग दस वर्ष पुरानी मांग थी। जो अब नगर परिषद पूरी करेगा। नहर की पटरी के सुंदरीकरण के लिए दोनों तरफ लाइट भी लगेगी।

नगर परिषद दिल्ली.बठिंडा रेलवे लाइन पुल से लेकर कंडेला तक हांसी ब्रांच नहर की दोनों पगडंडियों को पक्का करवाएगी। पिछले सप्ताह चंडीगढ में रेट अप्रूवल कमेटी की चंडीगढ़ में हुई बैठक में इसको मंजूरी मिल गई है। अब जल्द ही इसके टेंडर लगवाए जाएंगे। इस रास्ते के पक्का होने से शहर की लगभग 20 हजार की आबादी को लाभ मिलेगा। नहर के दोनों तरफ लगभग एक दर्जन कालोनियों में लोगों का आना जाना होता है। इसके बनने से शहर में लगने वाले जाम से भी छुटकारा मिलेगा और शहर के बाजार तक बाइपास से जाने वाले लोगों के समय में भी बचत होगी। करीब एक साल में यह काम पूरा किया जाएगा। इससे शहरवासियों को सुबह सैर करने के लिए बेहतर मार्ग मिलेगा तो वहीं वाहन चालकों को भी जाम में फंसने से छुटकारा मिलेगा।

नगर परिषद की तरफ किए प्रस्ताव के अनुसार हांसी ब्रांच नहर की दोनों पगडंडियों को शहर के जयंती देवी मंदिर से बाइपास तक पक्का किया जाएगा। इस रास्ते को लगभग साढ़े तीन किलोमीटर की लंबाई तक पक्का किया जाना है। इसके पक्का होने से नहर में जलभराव से कटाव होने की आशंका भी दूर होगी। बरसात के सीजन में नहर ओवरफ्लो होने का डर रहता था वह भी दूर होगा। इससे शहर के आसपास निचली कालोनियों के लोगों को डर रहता हैए कि अगर नहर में कटाव हो गयाए तो वह डूब जाएंगे। पगडंडी पक्की होने से कटाव नहीं होगा।

जल्द एजेंसी काम प्रारंभ करेगी

नप अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि नहर की दोनों तरफ की पटरियों के निर्माण से शहर के अंदर लोगों का आवागमन आसान होगा। बाइपास से शहर में प्रवेश करने के लिए लगभग तीन से चार किलोमीटर की दूरी कम होगी। इस रास्ते से शहर की कालोनियों में आने वाले लोगों को आसानी होगी। हांसी ब्रांच नहर की दोनों पगडंडियों को पांच करोड़ रुपये खर्च कर पक्का करवाया जाएगा। अप्रूवल कमेटी ने टेंडर व रेट को भी स्वीकृति दी है। जल्द ही एजेंसी काम शुरू कर देगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश पूरी तरह सुरक्षित : कंडेला

- सिंदूर ऑपरेशन पर हमारी सेना ने पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व चेयरमैन व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा कि सिंदूर ऑपरेशन पर हमारी सेना ने पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया है।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश पूरी तरह से सुरक्षित है। हमारी सेना ने पाकिस्तान के हर हमले का मुंह तोड़ जवाब दिया है। कंडेला ने कहा कि देश आतंकवाद के खिलाफ आखरी समय तक लड़ता रहेगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सिंदूर ऑपरेशन की पल-पल की खबर लेकर दिन रात अपनी मीटिंग करते रहते हैं। पाकिस्तान गीदड़ धमकी देकर सीजफायर का उल्लंघन करता है और हमारी सेना उनको मजबूती से धूल चटाती है। भारत देश हमेशा शांति के पक्ष में रहा है। क्योंकि लड़ाई से दोनों देशों में महंगाई व बेरोजगारी बढ़ती है और देश में आर्थिक तौर पर नुकसान होता है और लोगों की जान का भी खतरा रहता है। भारत पहले किसी को छेड़ता नही है। अगर पाकिस्तान ने किसी सीजफायर का उल्लंघन किया तो उनको उनके घर में घुस कर मारेगा।

उचाना। बैठक में मौजूद खाप नेता। *फोटो :हरिभूमि*

दाडन खाप चबूतरे का होगा नवीनिकरण

उचाना। सर्वजातीय दाडन खाप उचाना कलां के प्रधान इंद्र सिंह श्योकंद ने बताया कि उचाना कलां के चबूतरे पर सभी ग्रामवासियों की मीटिंग हुई। मीटिंग में 36 बिरादरी इकट्ठी हुई। मीटिंग में निर्णय लिया कि दादा दाहड की फोटो लगाई जाएगी। फिर गांव में 36 बिरादरी की सहमति नही बनी। इसलिए दादा दाहड की फोटो नही लगाई जाएगी। चबूतरे का नवीनीकरण रूप दिया जाएगा। सर्वजातीय दाडन खाप की कमेटी बनाई जाएगी। कमेटी खाप के गांव-गांव जाकर चंदा एकत्रित करेगी। चबूतरे के निर्माण में खाप के हर वर्ग के लोगों का सहयोग लिया जाएगा। काफी लंबे समय से लोगों की मांग थी कि चबूतरे का अधूरे निर्माण कार्य को पूरा किया जाए। जिसके चलते खाप ने ये कदम उठाया है। राममेहर पार्षद, कपिल पार्षद, राजेंद्र श्योकंद, रणधीर आदि मौजूद रहे।

हड़बड़ाहट में न उठाएं कोई कदम : आस्था मोदी

कैथल। 'जंप डिपॉजिट' स्कैम मोबाइल बैंकिंग यूजर्स और खासकर यूपीआई पेमेंट करने वालों के बड़ा खतरा बनता जा रहा है। पुलिस ने इस धोखाधड़ी के बारे में चेतावनी जारी की है। इसमें ठग पैसे चुराने के लिए पीड़ति की जिज्ञासा और विश्वास का फायदा उठाते हैं। इस स्कैम में जालसाज पीड़ति के बैंक खाते में छोटी रकम भेजकर उन्हें निशाना बनाते हैं। जब पीड़ित बैलेंस चेक करता है तो वह अनजाने में निकासी अनुरोध को मंजूरी दे देता है, जिससे जालसाज उसके खाते से पैसे हासिल कर लेते हैं। एसपी आस्था मोदी ने लोगों से ऐसे पैसे आने पर सतर्क रहने और तुरंत बैलेंस चैक करने के लिए अपना पिन दर्ज करने से बचने की अपील की है। इस स्कैम में जालसाज यूजर्स के त्वरित एक्शन का फायदा उठाते हैं और तब पीड़ति अनजाने में निकासी को मंजूरी दे देते हैं। यह स्कैम क्या है और आप खुद को इस नए ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार होने से कैसे बचा सकते हैं।

कुलदीप सर्वसम्मति से प्रधान बने

गुहला-चीका। श्री भवानी सेवा समिति श्री भवानी मंदिर चीका का द्विवार्षिक चुनाव श्री भवानी मंदिर चीका के प्रांगण में हुआ। अध्यक्षता एस डी सभा के प्रधान राजीव शर्मा ने की। जिसमें कुलदीप माजरा को सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रधान नियुक्त किया गया।उपप्रधान पद पर भूषण शर्मा, सचिव पद पर हरजिंद्र विक्की जांगड़ा ,कैशियर पद पर कृष्ण धीमान,कैप्टन राजपाल रविश,उप कैप्टन प्रवीण गर्ग,धर्मशाला इंजार्ज सुभाष पाधा को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया।बातचीत करते कुलदीप माजरा ने बताया कि जो संस्था द्वारा माँ भवानी के भव्य मंदिर निर्माण कार्य चल रहा है।मैं सभी सदस्यों के सहयोग से इस कार्य को पूरी निष्ठा लग्न व पूरी ईमानदारी से करूँगा। व मिली संस्था की इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को बखूबी निभाते सेवा भाव से संस्था को नई ऊचाईयों पर पूरी टीम के सहयोग से आगे बढ़ाएंगे।

गुहला-चीका : नवयुवक प्रधान कुलदीप माजरा के साथ संस्था के सदस्य।

गुहला-चीका। योग शिविर में देश की सुरक्षा के लिए यज्ञ करते।

देश की सुरक्षा के लिए किया हवन यज्ञ

गुहला-चीका। भारत-पाक के बीच तनाव को देखते हुए पतंजलि योग समिति ने देश की सुरक्षा के लिए हवन यज्ञ किया। यज्ञ पतंजलि योग समिति व आर्य सभा चीका द्वारा श्री विश्वकर्मा मंदिर के प्रांगण में चल रहे 15 दिवसीय मोटापा, मधुमेह व उच्च रक्तचाप विशेष योग शिविर के दौरान किया। आज के कार्यक्रम की शुरूआत युवा तहसील प्रभारी महावीर प्रजापत ने दीप प्रज्वलित कर की। जिला प्रभारी हरिओम शोकल ने साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि योग व यज्ञ सार्वभौमिक हैं। योग जहां हमें स्वयं से जोड़ता है वहीं यज्ञ हमें प्रकृति से जोड़ता है। हमारे सभी कार्य यज्ञ कार्य हो सकते हैं यदि हम योग व यज्ञ करें। युवा तहसील प्रभारी महावीर प्रजापत ने कहा कि हम अपना अभ्यास जैसा बनाते हैं परमात्मा उन्हीं अभ्यासों को दृढ़ करता है। वरिष्ठ योग शिक्षक ईश्वर जयभगवान आदि मौजूद रहे।

सरकार ने जारी किया ये आदेश

कैथल। आरकेएसडी कॉलेज कैथल के प्राचार्य डॉ. सत्यबीर सिंह मेहला ने दो स्मृति छात्रवृत्तियों के तहत मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की। छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर 5,000 से 5,500 तक की छात्रवृत्ति राशि प्राप्त हुई। सत्या देवी एवं प्रकाश मेमोरियल छात्रवृत्ति 11000 (डॉ. सीमा गुप्ता द्वारा) कृष्णा गोपीनाथ मेरिट छात्रवृत्ति 25000 (डॉ. गीता गोयल द्वारा) छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ता (प्रत्येक को 5,000): नीरू (एमए अंग्रेजी, अंतिम) कोमल (एमए अंग्रेजी, अंतिम) पूजा (एमए अंग्रेजी, पूर्व) शगुन (एमए अंग्रेजी, पूर्व) काजल (बीए) दो छात्रों को विशेष पहचान मिली: रिमझिम (एमए अंग्रेजी) - एमए अंग्रेजी सेमेस्टर क में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए 5,500 खुशी (एमए अंग्रेजी) - नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए 5,500। इस अवसर पर छात्र सहायकता एवं कल्याण समिति की संयोजिका डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. गीता गोयल, डॉ. विकास भारद्वाज, डॉ. जयबीर धारीवाल और छात्रवृत्ति लिपिक गौतम गोयल उपस्थित थे। संकाय सदस्यों ने छात्रों को उनकी शैक्षणिक निष्ठा के लिए बधाई दी।

मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य एवं प्राध्यापक। *फोटो :हरिभूमि*

सफीदों। शिविर में रक्तदान करते लोग। *फोटो :हरिभूमि*

अस्सी लोगों ने किया रक्तदान

सफीदों। नगर के जेसीज भवन में मिशन सिन्दूर को समर्पित और महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के जन्मदिवस पर श्री कृष्ण कृपा परिवार के तत्वावधान में विशाल रक्तदान एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डा. लवकेश अग्रवाल, डा. अजय मेहरा, डा. भारती वर्मा, डा. राजेश कुमार एवं डा. पुलकित गोयल ने 150 लोगों का स्वास्थ्य जांचकर उचित परामर्श देकर फ्री दवाइयां भी वितरित की। वहीं रक्तदान शिविर में करीब 80 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदाताओं को बैज लगाकर व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

नरवाना। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

हर्षोल्लास से मनाया मदर्स-डे

नरवाना। वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूल बसंत विहार में शुक्रवार को मदर्स डे बड़े उत्साह और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करने के लिए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मां की ममतारू एक अनमोल खजाना थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्या रश्मि जैन वह अन्य स्टाफ मेंबर्स के सामने नन्हे.मुन्ने बच्चों ने अपनी मां के प्रति प्यार दर्शाते हुए सुंदर प्रस्तुतियाँ दींए कार्यक्रम में विभिन्न खेलों का आयोजन भी किया गयाए जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपनी माताओं के लिए सुंदर.सुंदर कार्ड व बैज बनाए। कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर मां के प्रति अपने भाव प्रकट किया। बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और उनके योगदान को सराहा।

सुदेश ने नेट परीक्षा में पाया 12वां रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



जुलाना। कार्यक्रम में सुदेश शर्मा को सम्मानित करते ब्राह्मण सभा के सदस्य।

कस्बे के वार्ड नंबर दो निवासी एवं जींद रोडवेज कर्मचारी यूनियन के पूर्व डिपो प्रधान पंडित बिरखा राम शर्मा की पुत्रवधु सुदेश शर्मा ने काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिचर्स नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट सीएसआईआर नेट की परीक्षा में अपने पहले ही प्रयास में भौतिक विज्ञान संकाय में 99.31% अंक लेकर ऑल इंडिया में12वां रैंक हासिल किया है। उनके नेट परीक्षा में 12वां रैंक हासिल करने से जुलाना और आसपास के गांवों में खुशी का माहौल बना हुआ है। सुदेश शर्मा के जुलाना पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। जुलाना की परशुराम धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित कर सुदेश शर्मा का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। अध्यक्षता ब्राह्मण सभा के प्रधान देवेंद्र शर्मा ने की। देवेंद्र शर्मा ने कहा कि आज के युग में बेटियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नही हैं। बेटियों और बहुओं के साथ भी लड़कों की तरह व्यवहार करना चाहिए। कार्यक्रम में नपा के चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने कहा कि बहुओं को बेटियों से भी बढ़ कर स्नेह करें, उनकी जरूरतों का विशेष ध्यान रखें। पढाई, खेल, गायन, कला अथवा जिस भी क्षेत्र में उसकी रूचि है, उसी के अनुसार उचित मार्गदर्शन व सहयोग करें। ऐसा करने से जहां घर.परिवार में बड़े सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

नरवाना। कार्यक्रम में भाग लेते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

मनोज कुमार को दी श्रद्धांजलि

नरवाना। गत संध्या स्थानीय मिलन पैलेस नरवाना में मुकेश यादगार समिति द्वारा परिवार मिलन कार्यक्रम मनाया गया जिसमें संस्था के सदस्यों ने गत माह स्वर्गीय महान अभिनेता मनोज कुमार के गीत गाकर उनको श्रधांजलि अर्पित की। प्रधान अवधेश शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समिति के प्रेस प्रवक्ता गौतम गर्ग ने बताया कि गीतों की श्रृंखला में सभी सदस्यों ने मनोज कुमार के गीत प्रस्तुत किये जिसमें डॉ सिंगला ने कोई जब तुम्हारा हृदय अवधेश शर्मा ने पत्थर के सनम गौतम गर्ग ने महबूब मेरे बलजीत जांगड़ा ने चल सन्यासी मंदिर में अनुरोध गिरी ने है प्रीत जहां की रीत सदा सचिन शर्मा ने तेरी जवानी तपता महीना डॉ भार्गव ने दूर रहकर ना करो बात, सुभाष गोयल ने आजा तुझको पुकारे, धरती गीत गाकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इंडस स्कूल में हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम विषय पर लगाई कार्यशाला

प्रतिभागियों को व्यवहारिक जानकारियां प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

प्रधानाचार्या तनु पूनिया कार्यशाला में अध्यापिकाओं को सम्मानित करते।

इंडस पब्लिक स्कूल कैथल के प्रांगण में 10 व 11 मई का स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला अत्यंत सफल एवं प्रभावशाली रही। विद्यालय की प्रधानाचार्या तनु पूनिया ने सीबीएसई द्वारा नियुक्त विशिष्ट रिसोर्स पर्सन डॉ. गोशा लिब्रहान एवं डॉ. सुमिता ठाकुर का सम्मानपूर्वक स्वागत किया। प्रधानाचार्या तनु पूनिया एवं रिसोर्स पर्सन के कर-कमलों से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना था। दोनों विशेषज्ञों ने अपनी गहन शोध और अनुभवों के आधार पर प्रतिभागियों को महत्त्वपूर्ण व व्यवहारिक जानकारियां प्रदान कीं, जो न केवल शिक्षकों के लिए उपयोगी सिद्ध हुईं, बल्कि छात्रों के समग्र विकास के मार्ग को भी प्रशस्त करती हैं।

विद्यालय के शिक्षकों ने पूरे उत्साह और सक्रियता से कार्यशाला में भाग लिया। उन्होंने न केवल विषयवस्तु को गंभीरता से आत्मसात किया, अपितु अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करते हुए चर्चा को और अधिक समृद्ध बनाया। प्रधानाचार्या तनु पूनिया ने कार्यशाला के महत्त्व पर प्रकाश डालते कहा कि कार्यशाला शिक्षकों के भीतर बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर सजगता एवं संवेदनशीलता को और अधिक प्रबल बनाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह आयोजन न केवल शैक्षिक दृष्टिकोण से लाभप्रद रहा, बल्कि यह छात्रों के जीवन में संतुलन और स्वास्थ्यपूर्ण सोच विकसित करने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम भी है। विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक सहारण ने कार्यशाला की सराहना करते कहा इस प्रकार के प्रोग्राम बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में अत्यंत अहम भूमिका निभाते हैं।

जींद। प्रवचन करते भाई सतनाम सिंह। *फोटो :हरिभूमि*

महान सत्संग समागम का किया आयोजन

जींद। सर्व सांझीवालता के प्रतीक धनधन बाबा जोध सचियार की याद में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया तथा भाई सतनाम सिंह जोधका की प्रेरणा से बाबा जोध सचियार सेवा समिति द्वारा रविवार को महान सत्संग समागम का आयोजन किया गया। समागम की शुरुआत सुखमणि साहिब के पाठ के साथ की गई। उसके बाद विशेष कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भाई सतनाम सिंह जोधका ने प्रवचन कर गुरु नानक देव जी द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी।

सूचना

हरियाणा विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा दिनांक 13 व 14 मई 2025 को राजकीय आई.टी.आई. कैथल में राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिक दिवस को लेकर पेंटिंग, भाषण प्रतियोगिता और सेमीनार करवाया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी संस्थान में पहुंचकर भाग ले सकते हैं।

प्रधानाचार्य, राजकीय आईटीआई, कैथल।

खबर संक्षेप

गर्मी-लू से बचाव के लिए जरूरी ऐहतियात बरते

जींद । गर्मियों का मौसम अपने चरम पर है और तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में लू जैसी गंभीर स्थिति से लोगों को बचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने आमजन से अपील की है कि गर्मी के इस मौसम में विशेष एहतियात बरतें और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए जारी दिशा-निर्देशों का पूरी गंभीरता से पालन करें। तेज गर्म हवाएं यानी हीटवेव शरीर पर गहरा असर डाल सकती हैं।

आरएन स्कूल में धूमधाम से मातृ दिवस मनाया

पूंडरी। आरएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मातृ दिवस बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर में एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात छात्रों ने अपनी माताओं के लिए सुंदर-सुंदर कार्ड्स और उपहार तैयार किए, जिनमें उन्होंने अपने स्नेह, कृतज्ञता और सम्मान को भावपूर्ण शब्दों चित्रों के माध्यम से व्यक्त किया।

हमारा परमात्मा से आंतरिक संबंध

राजौंद। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की राजौंद शाखा द्वारा ज्ञान गंगा प्रवाह के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में असंध से आई ऊषा व नीलम बहन ने कहा कि आज दिनों दिन दुख परेशानी बढ़ती जा रही है ऐसे में हमारे दुखों को दूर करने का एक ही माध्यम अब हमारे सामने है और वह है हमारा परमात्मा से आंतरिक संबंध। जब हमारा आंतरिक संबंध परमात्मा के साथ होगा तो हम किसी भी परिस्थिति में नही घबराएंगे। लेकिन संतुलन के साथ उसका निराकरण कर लेंगे।

काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया

कैथल । साहित्य सभा कैथल और भारतीय इतिहास संकलन समिति, हरियाणा की जिला इकाई कैथल ने आरकेएसडी कालेज के अध्यापक-कक्ष में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम -1857 के उपलक्ष में एक व्याख्यान और काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस सम्पूर्ण आयोजन की अध्यक्षता साहित्य सभा के प्रधान एवं वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर अमृत लाल मदान ने की।संचालन हरियाणवी कवि रिसाल जांगड़ा ने किया।आयोजन के दौरान विशेष रूप से आमंत्रित इतिहास संकलन समिति हरियाणा के पूर्व अध्यक्ष एवं इतिहासकार प्रोफेसर बीबी भारद्वाज ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम दिवस के उपलक्ष में /" प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में हरियाणा का योगदान/"- विषय पर व्याख्यान दिया।

मोनिका ने संभाला महिला थाना प्रभारी का कार्यभार

जींद । महिला थाना प्रभारी का कार्यभार एसआई मोनिका ने संभाल लिया। कार्यभार संभालने पर सहायक बाल विवाह निषेध अधिकारी रवि लोहान तथा सहयोगी स्टाफ ने उनका स्वागत किया। कार्यभार संभालते ही महिला थाना प्रभारी एसआई मोनिका ने अपने मातहत सहयोगी कर्मियों के साथ बैठक की और महिला अपराधों के प्रति संजीदगी से काम करने की बात कही।

महिला थाना प्रभारी मोनिका ने कहा कि पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह द्वारा महिला थाना प्रभारी की जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी गई है, उस पर वो खरा उरतेंगी।

विधायक ने अधिकतर समस्याओं का किया हल

पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा ने रविवार को अपने निवास गांव जांबा में हल्के से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। इस जनसुनवाई में हल्के के अनेक गांवों से लोग पहुंचे और उन्होंने विधायक के समक्ष पानी की आपूर्ति, बिजली बोर्ड की समस्याएं, बीडीपीओ कार्यालय से संबंधित विषय, पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली व गांवों के समग्र विकास को लेकर मुद्दे उठाए। विधायक जांबा ने अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही निपटारा करते संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

जाट हाई स्कूल सोसाइटी चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया आज से होगी प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

■ एडीसी दीपक बाबू लाल करवा।

जिले के बड़े शिक्षण संस्थान जाट हाई स्कूल सोसाइटी चुनाव को लेकर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सोमवार से नामांकन लिए जाएंगे। सोसाइटी के प्रधान, उपप्रधान, महासचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव होना है। इनके अलावा 11 कार्यकारिणी सदस्य भी चुने जाएंगे। सोसाइटी में इस समय 75 कालेजियम सदस्य चुने हुए हैं। ये 75 सदस्य ही चुनाव प्रक्रिया में भाग लेंगे। एक जून को मतदान होना है और इसी दिन शाम को परिणाम घोषित हो जाएगा। इस चुनाव में बड़े राजनीतिक दलों के नेता रुचि लेते हैं। उनका प्रयास रहता है कि उनकी पार्टी का व्यक्ति यहां प्रधान बने। इनेलो, कांग्रेस, जजपा और भाजपा समर्थित कालेजियम सदस्य भी चुनाव में सामने आ सकते हैं। इनके अलावा कोई निर्दलीय भी प्रधान पद के लिए अपना भाग्य अजमा सकता है। हालांकि प्रधान पद को लेकर सर्वसम्मति बनाने का भी प्रयास किया जा सकता है। इसके लिए अलग-अलग कालेजियम सदस्य लगातार मीटिंग भी कर रहे हैं। अगर प्रधान पद को लेकर चुनाव होता है तो दो से तीन राजनीतिक पार्टियां आमने सामने हो सकती हैं। जिन पार्टियों के उम्मीदवार होंगे उन्होंने अपने बड़े नेताओं से भी चुनाव को लेकर बातचीत कर ली है। जिले की बड़ी शिक्षण संस्थान होने के कारण शहर के लोग भी इस चुनाव में पूरी रुचि लेते हैं। बता दें कि 75 कालेजियम में से भी 46 में सर्वसम्मति हुई थी और 26 में चुनाव करवाया गया था। कालेजियम चुनाव से पहले नई बनी वोटों को लेकर विवाद भी हो गया था। इसके बाद एडीसी को इस सोसाइटी का प्रशासक लगाया गया था। उन्होंने ही पहले कालेजियम चुनाव संपन्न करवाए और अब इस चुनाव में भी चुनाव अधिकारी नियुक्त रहेंगे। यह शिक्षण संस्थान करीब 85 साल पुराना है। भाजपा, कांग्रेस, इनेलो और जजपा के बड़े-बड़े नेता भी इस संस्था के वोटर हैं। इनमें पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा, कांग्रेस से राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला, इनेलो प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला, जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला, इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और नरवाना से पूर्व विधायक भाग सिंह छातर भी शामिल हैं। इनके अलावा भी संस्था से चंडीगढ़, पंजाब, करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत और सोनीपत सहित अन्य शहरों से भी लोग जुड़े हुए हैं। संस्था के अधीन एक प्राइमरी स्कूल, एक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जाट कालेज, जाट बीएड कालेज और जाट पालिटेक्निक कालेज चल रहे हैं। इनमें करीब साढ़े तीन हजार विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। करीब तीन साल से नियमित प्रधान नहीं था।

ये होगी नामांकन फीस

जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान पद को लेकर 51 हजार रुपये नामांकन फीस है। उपप्रधान, महासचिव और कोषाध्यक्ष के लिए 31 हजार रुपये फीस। कार्यकारिणी सदस्य के नामांकन के लिए 21 हजार रुपये फीस तय की गई है। यह फीस वापस नहीं मिलेगी और इसे नामांकन करने वाले के नाम से डिमांड ड्राफ्ट या चेक से ही देना होगा।

इस प्रकार से रहेगा चुनाव का शेड्यूल

▶▶| - नामांकन पत्र जमा करवाना।	12 और 13 मई।
▶▶| - नामांकन पत्रों की जांच।	14 और 15 मई।
▶▶| - नामांकन वापस लेना।	16 मई।
▶▶| - चुनाव चिह्न बांटना।	19 मई।
▶▶| - *मतदान की तिथि और परिणाम घोषित एक जून।*	

पार्षदों की पड़ताल में खुली पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार की पोल

फेल पुराने बिलों को अधिकारियों ने नपा प्रोसिडिंग बुक में कर दिया पास

एंटी क्रपशन ब्यूरो सहित विभिन्न जांच एजेंसियों से नपा के रिकार्ड की सिरे से जांच करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत। नगर पालिका कार्यालय भवन। *फाइल फोटो*

कलायत नगर पालिका में सरकारी कामकाज की आड़ में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार करने का मामला सामने आया है। अधिकारियों द्वारा गुपचुप ढंग से किए जा रहे गोलमाल को नगर पालिका के करीब एक दर्जन पार्षद सजगता का परिचय देते हुए प्रकाश में लेकर आए। एक अलग अंदाज के इस चौंकाने वाले मामले में शीर्ष अधिकारियों की मंजूरी के बिना नगर पालिका अधिकारियों ने गणतंत्र दिवस की तैयारी, रिफ्रेशमेंट, चुनाव प्रबंधन, मतदान केंद्रों की रिपेयर, स्टेशनरी खरीद, कुर्सी, टैंट, साउंट सिस्टम, अधिकारियों का नाश्ता और अन्य तरह-तरह लाखों रुपए के पुराने बिलों के भुगतान के लिए मनमर्जी से प्रस्ताव पास कर डाला। जबकि इंडोर स्टेडियम का नामकरण संविधान निमार्ता डा.भीम राव अंबेडकर के नाम से करने के प्रस्ताव को रद्द कर डाला। पार्षदों का आरोप है कि नगर पालिका की प्रोसिडिंग बुक की कार्यवाही पूर्ण होने का हवाला देकर अधिकारियों ने मनमानी से प्रस्ताव पास और फेल किए। नगर पालिका में 16 अप्रैल को हुई साधारण बैठक की कार्यवाही पर संदेह होने पर पार्षदों ने प्रोसिडिंग की प्रमाणित प्रति मांगी। इसका अध्ययन करने पर उनके होश उड़ गए। ऐसे अनेकों प्रस्ताव इसमें स्वीकार किए गए थे जिनकी सदन में चर्चा तक नहीं हुई। जबकि महान विभूतियों के सम्मान, जन भावना व जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों को नगर पालिका अधिकारियों ने दर किनार कर दिया। पार्षद रेणू धानियां, उषा रानी, निशा राणा, प्रीत जगदेव, प्रदीप राणा, महीपाल पंवार, विनोद जेष्ठ, रवींद्र निर्मल, संजय डूंषसगला, पूर्व पार्षद आर.एस धानियां और अन्य ने कहा कि नगर पालिका की प्रोसिडिंग बुक में व्याप्त गड़बड़ी है। हैरानी का विषय है कि लाखों रुपए के जिस भुगतान के लिए नगर पालिका में फर्जी तरीके से अधिकारियों ने प्रस्ताव पास किए उन कार्यों को कलायत एसडीएम एवं नपा प्रशासक द्वारा कोई मंजूरी नहीं दी गई। क्योंकि संबंधित भुगतान के खर्च का अधिकारियों के पास कोई पुख्ता विवरण नहीं है। इससे जाहिर होता है कि नगर पालिका अधिकारियों ने प्रशासक से स्वीकृति लेने की बजाए मनमानी से तरह-तरह के कार्यों पर रकम खर्च दर्शा दी। यदि यह खर्च नियम अनुसार होता तो प्रशासक बिना देरी इसका भुगतान जरूर करते। इसलिए बिना देरी के जिला पालिका आयुक्त कलायत नगर पालिका की प्रोसिडिंग के एक-एक अक्षर की जांच करते हुए फजीर्वाड़ा के खिलाफ कार्यवाही करें। पार्षदों का कहना है कि यदि पिछली नगर पालिका कार्यकारिणी भंग होने से नई कार्यकारिणी की साधारण बैठक के बीच के तमाम खर्चों की सिरे से जांच की जाए तो बड़ा स्कैम सामने आ सकता है। लेकिन नगर पालिका अधिकारियों ने प्रशासनिक व्यवस्था की आड़ में जो तरह-तरह के भुगतान किए उसकी अंटी क्रपशन ब्यूरो व राज्य की अन्य एजेंसियों को बारीकी से जांच करनी चाहिए। ताकि तमाम तरह के गोलमाल व हेराफेरी की स्थिति साफ हो सके।

आरोप निराधार

नियम अनुसार लिखी कार्यवाही: नगर पालिका सचिव पवन शर्मा का कहना है कि जो प्रोसिडिंग में जो कार्यवाही लिखी गई है वह नियम के अनुसार है। उन्होंने किसी प्रकार की गड़बड़ी के आरोपों को निराधार बताया।

जींद। सफीदों के वीर भवन में रविवार को कान्फेड कर्मवीर सैनी के नेतृत्व में भारतीय सेना के पक्ष में नारेबाजी करते भाजपा कार्यकर्ता। *फोटो :हरिभूमि*

ऑपरेशन सिंदूर सदियों तक रहेगा याद पाक को: कर्मवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ कहा : भारतीय सेना के आगे घुटने टेकने पर मजबूर हुआ पाकिस्तान

हरियाणा कॉन्फेड के चेयरमैन एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूझबूझ से निर्णय लेते पाकिस्तान पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए। जिससे पाकिस्तान तिलमिला उठा। उसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी राजनीतिक दलों के विचार लिये और सेना प्रमुखों से विस्तृत मंथन किया और भारतीय सेना को दुश्मनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए खुली छूट प्रदान की। देशवासियों की उम्मीदों पर खरा उतरते भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान को उसकी औकात दिखा दी और पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिया। जिसका नतीजा यह निकला कि भारत की जांबाज सेना ने पाकिस्तान को घुटने के बल पर लाकर खड़ा कर दिया। भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर से घबराया पाकिस्तान विश्व भर के देशों के सामने भारत से युद्ध विराम कराने की गुहार लगाने लगा।

ये रहे मौजूद

सरपंच प्रमोद कुमार मलार, सरपंच रविंद्र करसिंधु, जगदीश कश्यप, एडवोकेट रणबीर कश्यप कारखाना, सरपंच सुरेश रत्ताखेड़ा, सरपंच विक्रम सैनी, सरपंच निशान सिंह निम्नाबाद, नरेंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

भारत विकास परिषद ने मातृ दिवस पर सिलाई सेंटर का किया शुभारंभ

■ कोर्स पूरा करने पर महिलाओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

मुख्यातिथि बबली गोस्वामी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते शाखा सदस्य।

भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी शाखा द्वारा मातृ दिवस के अवसर पर एक सराहनीय पहल करते हुए पुराने पोस्ट ऑफिस, गुरुद्वारा वाली गली, पुंडरी में एक सिलाई सेंटर का शुभारंभ किया गया। यह सेंटर महिलाओं और बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सेंटर में प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एक माह की फीस 350 रुपये तथा तीन माह का शुल्क 1000 रुपये निर्धारित किया गया है। कोर्स पूरा करने पर महिलाओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। महिला सहभागिता प्रमुख निधि मोहन ने बताया कि महिलाओं और बेटियों का आत्मनिर्भर होना समय की आवश्यकता है। इससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ता है बल्कि वे आर्थिक रूप से मजबूत होकर समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकती हैं। इस अवसर पर पुंडरी नगर पालिका की चेयरपर्सन बबली गोस्वामी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और रिबन काटकर सिलाई सेंटर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की संयोजक वीना खुराना रहीं। कार्यक्रम में मातृशक्ति ने मिलकर मातृ दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया। सभी उपस्थित महिलाओं के लिए स्नैक्स की व्यवस्था की गई थी। साथ ही महिलाओं ने मातृत्व की भूमिका पर चर्चा कर इस दिन को यादगार बनाया। कार्यक्रम में शाखा सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। इस आयोजन में लगभग 35 महिलाएं उपस्थित रहीं।

चेक बाउंस होने पर एक साल की सजा बरकरार

कैथल। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नंदिता कौशिक की अदालत ने दस लाख रुपये का चैक बाउंस होने के मामले में निचली अदालत द्वारा सुनाई गई एक साल की सजा को बरकरार रखा है। शिकायत पक्ष के वकील अजय गुप्ता व अर्पित गुप्ता ने बताया कि कैथल निवासी सुदर्शन कुमार ने अदालत में शिकायत दी थी कि सतीश शर्मा निवासी गांव रोहेड़ा ने उससे जमीन खरीद-फरोख्त करने में 9 जनवरी 2015 को दस लाख रुपये नकद लिए थे। जब जमीन का सौदा नहीं हुआ तो सतीश ने दस लाख रुपये वापस करने के की एवज में 11 फरवरी 2015 को सुदर्शन को पीएनबी का दस लाख रुपये का चैक दिया था। जब यह चैक सुदर्शन ने बैंक में भुगतान के लिए लगाया तो खाते में रुपए ना होने के कारण चैक बाउंस हो गया। इसके बाद बार-बार मांगने पर भी सतीश शर्मा ने उसे राशि नहीं लौटाई। इस पर सुदर्शन ने अदालत में एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत इस्तगासा दायर कर दी।

आर्य समाज अपने राष्ट्र धर्म को निभाने के लिए कृत संकल्प : जयपाल आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना। यज्ञ में आहूति डालते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

आर्य समाज नरवाना में हवन किया गया। साप्ताहिक सत्संग में धर्मपाला यशपाल मिना गर्ग एवं आर्य समाज रेलवे रोड जीन्द के उप प्रधान सतीश आर्य ने ईश्वर स्तुति एप्रार्थनाए उपासना और आराधना के साथ महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा राष्ट्रीयए सामाजिक सांस्कृतिक धार्मिक एवं आध्यात्मिक उन्नति संबंधित विचार भजन एवं गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किए। आर्य समाज प्रवक्ता जयपाल आर्य ने कहा कि आर्य समाज मातृभूमि की रक्षार्थ अपने राष्ट्र धर्म को निभाने के लिए कृत संकल्प है। भारत का आम जनमानस पाकिस्तान को सबक सिखाने और आतंकवाद को जड़ मूल से मिटाने के लिए प्राणों की बाजी लगाने के लिए भी तैयार है। भारतीय सेना के पराक्रम से प्रेरित होकर लाखों युवा भारतीय सेना का अभिन्न अंग बनने और मातृभूमि के रक्षक बलिदान देने के लिए भी तत्पर हैं।

मातृ दिवस पर जयपाल सिंह आर्य ने बताया कि शतपथ ब्राह्मण ग्रंथ की उक्ति मातृमानपितृमाचाचार्यवान पुरुष वेदा के अनुसार मनुष्य के निर्माण में मां.बाप और आचार्यएइन तीन विद्वानों का अहम योगदान है। माता निर्माता भवति की उक्ति अनुसार मां ही संतान का निर्माण करती है। कौशल्या देवकी जीजाबाई अहिल्याबाईए जयन्ताबाई इत्यादि आदर्श माताओं ने राम एकृष्णए शिवाजी महाराणा प्रताप जैसे वीर पुत्रों को जन्म और उत्तम संस्कारों देकर भारत की गौरव और गरिमामय संस्कृति में मां के सर्वोत्तम योगदान को चरित्रार्थ किया है।

कार्यक्रम कैबिनेट मंत्री ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में खुला दरबार लगा सुनी समस्याएं

जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर हल करके एक्शन टेकन रिपोर्ट देने के निर्देश

■ नागरिक को मूलभूत सुविधाओं के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना। कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनते मंत्री बेदी।

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने रविवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में खुला दरबार लगाकर नरवाना के लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करके उन्हें एक्शन टेकन रिपोर्ट दें। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार अंत्योदय उत्थान की दिशा में निरन्तर कार्य कर रही हैए जिसके सकारात्मक परिणाम मिल रहे है। किसानों की एमएसपी पर फसल खरीद की जा रही हैं और निर्धारित समय में भुगतान किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही है। चुनावी संकल्प पत्र के अनुसार सरकार विकास के काम कर रही है।

।उन्होंने कहा कि नरवाना क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और आने वाले समय में भी क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अनेक परियोजनाएं आरंभ की जाएंगी। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नरवाना क्षेत्र के किसी भी नागरिक को मूलभूत सुविधाओं के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। विकास कार्यों में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार निरंतर नई योजनाओं और कल्याणकारी नीतियों को लागू कर प्रदेश के नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। चाहे किसानों की आय बढ़ाने की योजनाएं होंए युवाओं को रोजगार से जोडऩे के प्रयास हों या महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए कदमए हर क्षेत्र में प्रभावी कदम उठाने के? लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर प्रमोद शर्माए रिछपाल शर्माए ज्ञाना रामए बीरबल शर्मा पूर्व प्रधान नगरपरिषदएजय नारायणए सुरेश दनौदाए राजेश शर्मा एडवोकेटए शिशपाल भाणाए सत्यवान शर्माए दिनेश गोयलए सुरेंद्र हथोए अमित ढाकलए सुरेंद्र प्रजापतिए अमित धरौदीए सुशील नायक एडवोकेटए नगर पार्षद सत्यवान बेदीए सुरेश पांचालए विनय मित्तलए सहित

नियमित रूप से पानी की सप्लाई की मांग

जींद। पीने के पानी की सप्लाई नियमित रूप से नहीं होने पर उचाना कलां के पार्क में स्थित जलघर के बुस्टिंग स्टेशन पर ग्रामीण एकत्रित हुए। ग्रामीणों ने कहा कि दो से तीन दिन में पीने के पानी की सप्लाई आती है। ग्रामीणों ने नियमित रूप से पानी की सप्लाई देने के साथ-साथ टैंक की सफाई करने की मांग की है। संतरो, कमला, कृष्ण ने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी की खपत बढ़ती है लेकिन काफी दिनों से पानी की सप्लाई दो से तीन दिन में आती है। जो टैंक बने है उनकी सफाई नियमित रूप से होनी चाहिए। पानी की सप्लाई नियमित रूप से होनी चाहिए। जो बुस्टिंग स्टेशन से दूर घर है वहां पानी की सबसे अधिक समस्या है। पानी की सप्लाई जिस समय आती है उस समय बिजली चली जाती है तो पानी की सप्लाई लाइट आने के बाद पानी नहीं आता है। पानी की सप्लाई कम है। 2009 में बुस्टिंग स्टेशन बना था तब से लेकर अब तक ये समस्या चली आ रही है। जो टैंक के पास ढक्कन लगे है उन पर लॉक सिस्टम लगाया जाए।

छात्रा को सम्मानित करते हुए।

नेट जेआरएफ उत्तीर्ण करने पर किया रिंकू को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

शिक्षा क्षेत्र में उत्थान को समर्पित संस्था मानव मित्र मंडल ने भौतिक विज्ञान में नेट जेआरएफ उत्तीर्ण छात्रा रिंकू खटकड को सम्मानित किया।संस्था के सचिव नरेश वत्स ने जानकारी देते हुए बताया कि मेधावी छात्रा रिंकू ने विलक्षण प्रतिभा का परिचय देते हुए सीएसआईआर द्वारा आयोजित अखिल भारतीय परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर 89वां स्थान प्राप्त कर नरवाना क्षेत्र का नाम रोशन किया।पिछले वर्ष ही विज्ञान में गेट की परीक्षा उत्तीर्ण की।रिंकू ने दसवीं व बारहवीं आर्य कन्या महाविद्यालय नरवानाएस्नातक की परीक्षा के एम राजकीय महाविद्यालय व स्नातकोत्तर की परीक्षा चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा से उत्तीर्ण की।उसका सपना प्रोफेसर बन कर बच्चों को शिक्षा देना है।इसलिए उसने नेट की परीक्षा के लिए अथक मेहनत की।वह अपना आदर्श अपने पिता.माता व शिक्षकों को मानती है।रिंकू के पिता ओमपाल बिजली विभाग में कार्यरत हैं व माता सरोज बाला गृहिणी है।अग्रवाल वैश्य समाज महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा अनुराधा गुप्ता ने रिंकू की उपलब्धि को समस्त क्षेत्र की उपलब्धि बताया व उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।